तापमान
अधिकतम 22.7 डिग्री
न्यूनतम 5.6 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023

12 कक्कड़ माजरा व शहीद बुर्ज गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

12 भजन प्रतियोगिता में पुलिस डीएवी ने मारी बाजी

खबर संक्षेप

पानीपत में पिता व पुत्र को बेहोश कर लूटा

पानीपत। पानीपत के रेलवे स्टेशन पर बिहार के पिता-पुत्र का कैश और कपड़ों से भरा बैग बदमाश ले गए। जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह चार दिसंबर को वह अपने पिता जयमंगल पासवान के साथ पानीपत रेलवे स्टेशन पर आया था। यहां दो व्यक्ति उनके पास आए। युवकों ने उसे कोल्ड ड्रिंक और उसके पिता को चाय पीने को दी। जिसके बाद दोनों बेहोश हो गए। जब वे होश में आए तो वे जिला अस्पताल में थे। उनके पास उनका सामान नहीं था।

कट्टे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने सिद्धार्थ नगर फाटक के पास से उमेश निवासी अक्सौली एटा यूपी हाल संत नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध हथियार कट्टा बरामद किया है। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी उमेश के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है।

पुलिस ने दो बाइक चोर को दबोचा

पानीपत। थाना सदर पुलिस ने रिफाइनरी गोल चक्कर पर नाकाबंदी के दौरान मोहित पुत्र बलवान व अमन पुत्र रतन सिंह निवासी गांव बल्ला जिला करनाल को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर जगजीत सिंह ने बताया कि बाइक चोरी की वारदात बारे थाना सदर में रजत पुत्र बलवान निवासी जीतगढ़ की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

ऑटो सवार की जेब से 88 हजार चोरी

पानीपत। समालखा कस्बे में ऑटो सवार जयभगवान निवासी गांव बिहोली की जेब से 88 हजार कैश चोरी हो गया। व्यक्ति ऑटो में बैठकर बैंक में जमा करवाने जा रहा था। रास्ते में ऑटो में बैठे तीसरे व्यक्ति ने उसके रुपए चोरी कर लिए।

ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ बिखरी भारतीय संस्कृति की महक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तटों पर भारतीय संस्कृति की महक को दूर-दूर तक महसूस किया जा रहा है। इस संस्कृति की महक का एहसास करने के बाद एकाएक देश-विदेश के लोग अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। इस महोत्सव में जहां शिल्पकार अपनी शिल्पकला से पर्यटकों को मोहित कर रहे हैं, वहीं विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार पर्यटकों का खुब मनोरंजन कर रहे हैं। अहम पहलू यह है कि ब्रह्मसरोवर की सदरियों में लगे स्टॉलों में भारतीय संस्कृति को दर्शन करवाती अदभुत शिल्पकला से भारतीय संस्कृति की महक चारों तरफ फैल चुकी है और यहां पर आने वाले पर्यटक इसका जमकर आनंद उठा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव शिल्प और सरस मेले के 8वें दिन सुबह और शाम के समय दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों का विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार मनोरंजन करने का काम कर रहे है। उत्तरी तट पर जहां राजस्थानी लोक कलाकार कच्ची घोड़ी नृत्य की प्रस्तुति देकर पर्यटकों को नृत्य करने के लिए उत्साहित कर रहे हैं, वहीं उत्तर पश्चिमी तट पर बीन-बांसुरी की धुन पर लोक कलाकार भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। इस पावन तट के चारों तरफ किसी न किसी प्रदेश के कलाकर, बाजीगर, बहरुपिए भी पर्यटकों को लुभा रहे थे। वीरवार को इस शिल्प मेले की रौनक को बढ़ाने का काम विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों व विद्यार्थियों ने किया। महोत्सव में आए विद्यार्थियों व पर्यटकों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। बच्चों, जवान और बुजुर्गों ने महोत्सव में जमकर खरीददारी की और विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मदमस्त होकर नृत्य किया। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रशासन की तरफ से महोत्सव में पर्यटकों, शिल्पकारों, कलाकारों के लिए अच्छे प्रबंध किए गए है और यह सरस और शिल्प मेला पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। महोत्सव में 17 दिसंबर से शुरू होने वाले मुख्य कार्यक्रमों के लिए केडीबी और प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों पूरी की जा रही है।

कुरुक्षेत्र। महोत्सव में आए पर्यटकों का मनोरंजन करते ढोल नगाड़ा पार्टी के कलाकार।

सतयुग दर्शन ट्रस्ट ने निकाली जागरुकता यात्रा

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान वीरवार को सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल ट्रस्ट के सदस्यों ने मानव धर्म को अपनाते हुए श्रेष्ठ बनने का संदेश दिया। इस दौरान सतयुग दर्शन ट्रस्ट के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति द्वार बच्चों ने सभी को सिखाया कि हमें सब सबको मिल जुलकर रहना चाहिए। ट्रस्ट के सदस्यों ने स्टॉल नंबर 613 से लेकर द्रोपदी घाट तक पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। यात्रा में ट्रस्ट के स्थानीय अध्यक्ष एचसी मुंजाल, सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, शशि वर्मा, लक्की मुंजाल, कांता मुंजाल, अमित अरोड़ा, कुलभूषण गाबा सहित अंबाला, रायवाली और लाडवा के सज्जनों ने भाग लिया। आओ जागे और जगाएं, सतयुग की ओर कदम बढ़ाए और हम एक ही जोत से उपजे है और एक ही अपना नाता है आदि नारों से सारा वातावरण गूंज उठा। एचसी मुंजाल ने बताया कि स्टॉल नंबर 613 पर ध्यान कक्ष लगाया गया है। इस ध्यान-कक्ष से मानवों को नैतिक चारित्रिक मानवीय आदर्शों के अनुरूप ढाल मानसिक रूप से सदाचारिता पूर्ण आचरण व निष्काम कर्म करने के योग्य बनाया जाता है ताकि उनकी वृत्ति-स्मृति व बुद्धि निर्मल हो जाए और वे कर्म फल व तीनों तापों से आजाद रहे, अंत मोक्ष को प्राप्त कर अपना जीवन सार्थक बना सकें।

धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा ब्रह्मसरोवर के तट पर पहुंची पंजाब की फुलकारी

सिर पर पगड़ी, धोती कुर्ता, चोली-दामन, घाघरा, सलवार-कुर्ता जैसे हरियाणवी परिधानों की एक अलग ही शान है। इन परिधानों की गूंज देश के साथ-साथ विदेशों में सुनने को मिलती है। इन्हीं परिधानों के बीच हरियाणा के बड़े भाई के नाम से पहचाने जाने वाले पंजाब की फुलकारी महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुकी है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की धरा पर महोत्सव में पहुंची पंजाब की फुलकारी को पर्यटक खूब पंसद कर रहे है। पंजाब के पटियाला से आई लाजवंती ने अपने स्टॉल पर इस पंजाब की फुलकारी को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया है। शिल्पकार लाजवंती ने बताया कि अपनी शिल्पकला फुलकारी के वजह से उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार पद्मश्री भी मिल चुका है। उनके स्टॉल में फुलकारी आर्ट के दुप्पटे, साड़ी, कुर्ती, प्लाजो सूट-सलवार सहित अन्य परिधान भी मौजूद है। उनके यह परिधान देश के साथ-साथ विदेशों में खुब पसंद किए जाते है। उनका दिल्ली मार्ट में स्वयं की दुकान भी है, जो कि लाजवंती के नाम से काफी प्रसिद्ध है। इस दुकान के माध्यम से उनके साथ अन्य लोग भी जुड़े हुए है, जिन्हे उनके द्वारा रोजगार प्रदान किया गया है। महोत्सव में वह पिछले 25 सालों से आ रही है। उनके स्टॉल पर मौजूद परिधानों की कीमत 750 रुपए से लेकर 2 हजार रुपए तक है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जार्जेट के कपड़े पर टिपिकल फुलकारी करके उसे बहुत बड़े अनोखे ढंग से पेश किया गया है। यह शिल्पकारी पर्यटकों को काफी पसंद आई है। उनके स्टॉल पर हर समय पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है, जिससे उनकी काफी सेल हो रही है। उनके द्वारा देश के विभिन्न मेलों में अपनी स्टॉल लगाई जाती है, लेकिन जो सकून उन्हें कुरुक्षेत्र की धरा पर आने पर मिलता है, ऐसा अदभुत अनुभव उन्हें ओर कहीं नहीं होता है।

बंदियों की शिल्पकला देखकर हैरत में पड़े पर्यटक

अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में हरियाणा प्रदेश की 8 जेलों के बंदियों की बेहतरीन शिल्पकला को रखा गया है। इन बंदियों ने सागवान की लकड़ियों से मोबाइल स्टैंड से लेकर सोफा सेट तैयार किया है। इन बंदियों के हाथों से बना सामान लोगों की घर की शोभा बढ़ाने का काम करेगा। अहम पहलू यह है कि इस महोत्सव में पिछले 7 दिनों में 1 लाख 75 हजार रुपए के समान की बिक्री भी की जा चुकी है। इस शिल्पकला को देखकर पर्यटक हैरत में पड़ रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के सरस मेले में स्टॉल नंबर 628 और 629 पर 8 जिलों के बंदियों द्वारा बनाए गए लकड़ी के सोफे, मोबाइल स्टैंड, पोट, स्टूल, बैंच, आंवला कैंडी, कपड़े से बने समान सहित अन्य उत्पादों को पर्यटकों के लिए रखा गया है। इस स्टॉल का अवलोकन नियमित रुप से जेल अधीक्षक सोमनाथ जगत कर रहे है। जेल अधीक्षक ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र जेल, सेंटरल जेल अंबाला, यमुनानगर, करनाल, सोनीपत, पंचकूला, हिसार सेंटरल जेल-1 और हिसार जिला जेल-2 की जेलों के बंदियों ने बहुत सुंदर और अच्छी गुणवता के उत्पाद तैयार किए है। इन उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में रखा गया है और पर्यटक इन उत्पादों को हाथों-हाथ खरीद रहे है। इन उत्पादों की गुणतवा बाजार के उत्पादों से कहीं ज्यादा अच्छी है और दाम भी आधे है।

महिला की आईडी पर दो युवकों ने बजाज फाइनेंस से मोबाइल खरीदकर बेचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- एक आरोपी पर पहले भी धोखाधड़ी के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज, आरोपी जेल में बंद

जिले के बुड़िया निवासी सीमा की आईडी पर दो युवकों ने बजाज फाइनेंस से मोबाइल फोन खरीद कर उन्हें बेच दिया। आरोप बुड़िया निवासी शुभम तथा कैंप निवासी साहिल पर लगा है। पुलिस में दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी शुभम पर पहले भी धोखाधड़ी के आधा दर्जन मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी इन मामलों में जेल में बंद है।

बुड़िया निवासी सीमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुड़िया निवासी शुभम ने धोखे से उसकी आईडी लेकर बजाज फाइनेंस से आईफोन खरीद लिया। इसी प्रकार कैंप निवासी साहिल ने भी उसकी आईडी का प्रयोग करके एक और फोन खरीदा। इसके बाद दोनों आरोपियों ने उसे दोनों फोनों को बेच दिया। अब कंपनी द्वारा उससे दोनों मोबाइल फोन की किस्त जमा करवाने के लिए कहा गया है। जब उसे फोन खरीदने के संबंध में जानकारी मिली थी तो उसने गांधीनगर पुलिस में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। मगर मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उसने आरोपियों की शिकायत पुलिस अधीक्षक को दी। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच के बाद पुलिस को दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 406 व 420 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बुड़िया निवासी शुभम पर करीब चार महीने पहले दूसरों की आईडी पर बजाज फाइनेंस से मोबाइल खरीद कर आगे बचने के करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

उपराष्ट्रपति धनखड़ 17 को करेंगे हरियाणवी पैवेलियन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- हरियाणा पवेलियन 17 से 24 दिसंबर तक पर्यटकों के लिए खुला रहेगा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से 8वें अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में स्थापित किये जा रहे हरियाणा पैवेलियन का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 17 दिसंबर को करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित किया जा रहा हरियाणा पवेलियन पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। इसके अंतर्गत हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत को पर्यटकों से रूबरू करवाया जाएगा। हरियाणा पवेलियन 17 से 24 दिसंबर तक पर्यटकों के लिए खुला रहेगा।

कुरुक्षेत्र। हरियाणवी पैवेलियन की तैयारी करते विद्यार्थी।

विरासत के स्टॉल स्थापित किए जाएंगे

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक व हरियाणा पैवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन में जहां एक ओर हरियाणवी व्यंजन पर्यटकों के लिए उपलब्ध होंगे वहीं पर दूसरी ओर हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत के 70 से अधिक स्टॉल हरियाणा पैवेलियन में स्थापित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पूरी टीम हरियाणा पवेलियन की साज-सज्जा में जुटी हुई है। अगले दो दिन में यह पैवेलियन बनकर तैयार हो जाएगा।

महिलाओं के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाला गिरोह पकड़ा

आरोपियों ने की लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

थाना माडल टाउन की आठ मरला चौकी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव महराणा निवासी जिंदा दो महिलाओं के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र श्रम विभाग,औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थय विभाग में जमा करवा मिलने वाली लाखों रुपये मुआवजा राशि हड़पने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सरगना सहित पांच आरोपियों ललीत, रमन व मुकेश निवासी गांव डाहर, विकास व श्रवण निवासी गांव महराणा जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, आठ मरला चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को कार्यालय में दी शिकायत में गांव डाहर निवासी महिला ममता पत्नी श्रवण कुमार ने शिकायत दी थी। शिकायत की जांच की गई। वहीं जांच में दोषी पाए गए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों से ठगी की नगदी में से हजारों रूपये की राशि बरामद की गई। वहीं पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। पुलिस का पक्ष जानने के बाद कोर्ट ने पांचों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

पूछताछ में खुलासा

अपराधी गैंग चलाकर वारदातों को देते थे अंजाम

राज ज्वेलर्स के घर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार

अमीर बनने के लिए बनते थे नौकर घरों से उड़ा लेते थे करोड़ों का माल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सेक्टर-7 में ज्वेलर्स के घर से करीब एक करोड़ के आभूषण की चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया।सेक्टर-7 मकान नंबर 645 निवासी शिकायतकर्ता ज्वेलर्स जितेंद्र कुमार ने वारदात होने से करीब पांच दिन पहले सूरज एजेंसी से बिहार के रहने वाले चलित्र नाम व्यक्ति को नौकर के तौर पर घर में रखा था। उस समय आरोपी नौकर चलित्र घर में विनोद नाम से आया था। जितेंद्र का कुंजपुरा रोड पर राज ज्वेलर्स के नाम से शोरूम है। जब चिराग सुबह 11 बजे उठा तो उसे अलमारी में अपनी ज्वैलरी नहीं मिली। उसके बेटे ने जब घर में अपने नौकर को देखा तो वह कही नहीं मिला। घर से डायमंड ब्रैसलेट कीमत करीब 15 लाख, डायमंड अंगूठी कीमत करीब 80 लाख और घड़ी करीब 2 लाख कुल करीब 97 लाख की चोरी होने पर इसकी शिकायत थाना 32/33 में दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले की तफ्तीश बर्गलरी स्टाफ टीम इंचार्ज एसआई हिम्मत सिंह को सौंपी गई। टीम द्वारा एसआई हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में 6 दिसंबर को दो गांव कदमाहा (बिहार) हाल में ब्रिटेनिया चौंक सुकरपुर कॉलोनी दिल्ली निवासी आरोपी चलित्र मुखिया, धौसही (बिहार) हाल ब्रिटेनिया चौंक सुकरपुर कॉलोनी दिल्ली निवासी आरोपी मोहम्मद जाहिर को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी चलित्र और मोहम्मद जाहिर की निशानदेही पर चोरीशुदा डायमंड ब्रैसलेट और डायमंड अंगूठी बरामद की गई। और आरोपियों की ही शिनाख्त पर 13 दिसंबर को गांव जगतपुर (बिहार) हाल हाउस नंबर 1180, गली नंबर 15, पटेल नगर कासिंद्र पासवान पुत्र कुकरू पासवान निवासी गांव जगतपुर थाना फुलपरास जिला मधुबनी बिहार हाल गुरुग्राम हाउस नंबर 1180, गली नंबर 15, पटेल नगर को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। आरोपी कासिंद्र के कब्जे चोरीशुदा घड़ी बरामद की गई।पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी चलित्र आभूषण चोरी के बाद अपने दोनों आरोपियों दोस्तों के पास दिल्ली गया था। तीनों आरोपियों ने मिलीभक्त करके ही वारदात को अंजाम दिया था।

करनाल। पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी। फोटो : हरिभूमि

सूरज सर्वंट के नाम से बनाई थी फर्जी एजेंसी

डीएसपी वीर सिंह ने बताया कि सूरज सर्वंट एजेंसी के नाम से फर्जी एजेंसी बनाई हुई थी। एक आरोपी कासिंद्र को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। जबकि आरोपी विनोद उर्फ चलचित्र व जाहिद को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। सभी अनपढ़ है और पहले दिल्ली की जेल में भी रह चुके हैं।

घर से लापता युवक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शुरु की जांच
- शव के गले पर निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई

शहर की आत्मापुरी कॉलोनी से सात दिन पहले लापता हुए युवक का शव वीरवार को पावर हाउस यमुनानगर के पास खाली प्लाट से बरामद हुआ है। शव के गले पर निशान मिलने से उसकी हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के मुताबिक शहर की आत्मापुरी कॉलोनी निवासी रुदल (25) प्लाईवुड फैक्टरी में आपरेटर के पद पर नौकरी करता था। गत छह दिसंबर की शाम को उसके पास किसी का फोन आया था। जिसके बाद वह फोन पर बात करते हुए घर से निकला था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। उसके भाई अनुज ने बताया कि भाई का नंबर भी बंद आता रहा। उसकी तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं लग रहा था। जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। आरोप है कि दो दिन बाद आठ दिसंबर को उसके भाई की गुमशुदगी दर्ज की गई। भाई का पता लगाने के लिए कई बार पुलिस के चक्कर काटे। पुलिस उन्हें जांच करने की बात कहकर घर भेज देती थी। परिजनों ने उसके गुमशुदा होने के पोस्टर भी चस्पा कराए थे। जिसमें सूचना देने वाले को इनाम देने के बारे में भी लिखा गया था। इसी दौरान गत 12 दिसंबर को खाली प्लाट में रूदल के जूते परिजनों को मिले थे। जिनके बारे में पुलिस को जानकारी दी गई थी। आज उसका शव शहर के पावर हाउस के पास पड़ा हुआ मिला है। शव के गले पर निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने रुदल की गला घोंटकर हत्या करके शव खाली पड़े प्लाट में फेंक दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या व शव को खुर्दबुर्द करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

लापता मिले मृतक रुदल का फाइल फोटो

हमीदा चौंकी प्रभारी गुरदयाल सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों के ब्यान पर हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

खबर संक्षेप

गोवंश आगे आने से बीच रोड पर पलटा ट्रक

करनाल। करनाल के मेरठ रोड़ पर आलू से भरा एक ट्रक पलट गया और ट्रक के आलू सड़क पर बिखर गए। ट्रक शाहबाद से कलकता जा रहा था। हादसा ट्रक के सामने गाय के अचानक आने से हुआ। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक पलटने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को हाइड्रा की मदद से एक तरफ करवाया। जिसके बाद रास्ता बहाल हुआ।

नपा एरिया बढ़ाए जाने पर जताया हर्ष

घरौंडा। सरकार द्वारा घरौंडा नगर पालिका का एरिया बढ़ा दिए जाने से पार्षदों में खुशी का माहौल है। नगर पालिका में नपा प्रशासन व पार्षदें ने लड्डू बताकर इस खुशी का इजहार किया। बता दें कि नगर पालिका प्रशासन की ओर से पिछले काफी समय पूर्व नगर पालिका परिधि से बाहर बनी कॉलोनी व खाली पड़ी जमीन को नगर पालिका की हद में मिलाने के लिए सरकार को पत्र लिखा था जिसके बाद सरकार के आदेश पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए आज इसकी स्वीकृति दे दी है।

गीता की प्रेरणाएं समूचे विश्व की भलाई के लिए

पिहोवा। दिव्य गीता सत्संग के प्रथम दिन अनाज मंडी पिहोवा में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने गीता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गीता हमारी धार्मिक आस्था का ग्रंथ है। भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निकला उपदेश रूपी दिव्य गीत उस वातावरण में जहाँ कौरवों और पांडवों की सेनाएं आमने सामने थी,जहा अस्थिरता, आशंका,हलचल,ओर भय का माहौल था,वहां ये उपदेश सद्भावना का विश्वव्यापी गीत था।

पिंगली और हसनपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को बताई केंद्र व प्रदेश की योजनाएं

ऑनलाइन, ई-टेंडर, पोर्टल सरकारी खजाने के पक्के खाले : हरविन्द्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घरौंडा

करनाल। भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ऑनलाईन सर्विस व ई-टेंडर व्यवस्था सरकारी खजाने के पक्के खाले के समान हैं जिनके माध्यम से सरकारी योजनाओं का 100 फीसदी लाभ पात्र व्यक्ति के खाते में पहुंचता है। ऑनलाईन सेवाओं से भ्रष्टाचार से मुक्ति मिली है और पारदर्शिता बढ़ी है। भाजपा के सवा 9 साल के प्रशासन में 19 लाख नए बी.पी.एल. कार्ड बनाए गए हैं। इनमें से घरौंडा हलका के 12.50 हजार कार्ड है। सभी बीपीएल कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे और आने वाले समय में इनकी आवास की समस्या को भी दूर किया जाएगा।

यह बात आज घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव पिंगली और हसनपुर पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। पिंगली में सरपंच प्रतिनिधि नरेश शर्मा और हसनपुर में जगबीर सिंह व अन्य ग्रामीणों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास संबंधी लघु फिल्म दिखाई गई। जन संपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए। घरौंडा नगर पालिका के अध्यक्ष हैप्पी गुप्ता ने संकल्प शपथ दिलाई। विधायक कल्याण ने विभिन्न विभागों के तारे में छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। उन्होंने कहा की यात्रा का उद्देश्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाना, पत्रों को उनका लाभ दिलाना, फीडबैक प्राप्त करना है। साथ ही 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि देश 1000 साल गुलाम रहा। मुगलों व अंग्रेजों ने यहां की धन दौलत को तो लूटा ही, देश की समृद्धि प्राचीन संस्कृति को भी तहस-नहस किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए यह अपेक्षित है कि हर व्यक्ति ईमानदारी में निष्ठा से कार्य करें विधायक ने कहा कि कोरोना काल को छोड़कर 9 साल में हर क्षेत्र में सरकार ने विकास कराया है। योजनाएं पहले भी बनती थी, नारे पहले भी लगाए जाते थे लेकिन वे अधूरे रह जाते थे। भाजपा राज में हर योजना पर गंभीरता से काम हो रहा है। आज आयुष्मान चिरायु योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के सालाना इलाज की सुविधा उपलब्ध है। हरियाणा में करीब 800 प्राइवेट अस्पताल पैनल पर हैं। उन्होंने कहा कि गरीब की कोई बिरादरी नहीं होती। योजनाओं का लाभ वर्ग के गरीबों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही घोटाले पर लगाम लग गई। देश का खजाना भरने लगा। नतीजतन सडक़ों, गलियों, नालियों, चौपालों, समुदाय केन्द्रों, स्टेडियमों, अस्पतालों का निर्माण होने लगा। गांव में आज 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। नौकरियां मेरिट पर दी जा रही है। उनमें हलके के गांव कोहंड में 82 युवाओं को नौकरी मिल चुकी है। कांग्रेस ने 10 साल में बुढ़ापा पेंशन 500 बढ़ाई तो भाजपा ने 9 साल में 2 हजार। भाजपा सरकार ने विवाह शगुन योजना की राशि 31 से बढ़ाकर 71 हजार और मकान मरम्मत की राशि 25 हजार से बढ़ाकर 80 हजार कर दी है इस मौके पर उन्होंने दयाल योजना पर भी निवृत्त प्रकाश डाला।

उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन : इस अवसर पर उज्ज्वला योजना के तहत पिंकी, निशा, रिंकी तथा रिंपी को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। मेरी कहानी मेरी जुबानी : आयुष्मान योजना के तहत पित्त की थैली का ऑपरेशन कराने वाले सुभाष कश्यप ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अनुभव साझा किया।इस मौके पर छह लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए और छह लोगों की बुढ़ापा पेंशन बनाई गई। हसनपुर में तीन नए राशन कार्ड और छः लोगों की पेंशन बनाई गई।

इन्हें किया सम्मानित

विधायक हरविन्द्र कल्याण ने इस मौके पर स्कूल की मुख्याध्यापिका सरिता, बलराम नंबरदार, सुभाष चंद्र (आइटीबीपी), कृष्ण फौजी के पिता वल्लभ सिंह को सम्मानित किया। इसके अलावा कविता पाठ में अव्वल तमन्ना व कनिका, अनुशासन में विनीत, भाषण प्रतियोगिता में रजनी, प्रेरणा, रंगोली के लिए स्वीटी, शिवानी, मन्नत, सलोनी, व साक्षी को पुरस्कृत किया। गांव हसनपुर में खिलाड़ी शुभम, कृष, अनु, गुरदीप और मेधावी विद्यार्थी रेणू, सीमा, वंशिका, आकांक्षी, अंशु, प्रिंस, मनीष, निधि, भूमिका, अनु, निहारिका, प्रिंस, शिवानी और दीपिका को सम्मानित किया। सरपंच मंजू रानी को अभिनंदन पत्र भेंट किया।

गांव बुढेड़ा खालसा व गांव भूखापूरी में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

करनाल। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा वीरवार को गांव भूखापूरी व गांव बुढेड़ा खालसा में पहुंची। जहां पर ग्राम वासियों द्वारा इस यात्रा का स्वागत किया गया। गांव बुढेड़ा खालसा में पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी और नीलोखेड़ी खंड के गांव भूखापूरी में भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नीलोखेड़ी खंड के गांव भूखापूरी में भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है और उस दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व भर में भारत की छवि एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने कहा कि महिलाओं के बारे यदि किसी सरकार ने सोचा है, तो वह केंद्र वह राज्य की भाजपा सरकार है जिसने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई है। भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने बताया कि भाजपा ही ऐसी सरकार है जिसने महिलाओं को आत्म सम्मान दिया है। प्रदेश सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लिए सरकारी योजनाएं चलाई हैं। इसी प्रकार गांव बुढेड़ा खालसा में पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने लोगों को बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को सरकार की सभी जानकारियां दी जा रही हैं ताकि लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सके।

यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, सुभाष कश्यप, बीडीपीओ मोनिका, नरेंद्र प्रजापत, हैप्पी गुप्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार हसनपुर में बीडीपीओ अशोक छिकारा, नायब तहसीलदार इंद्र सिंह, सुखबीर आर्य, राजेन्द्र सिरसी, ईश्वर कम्बोज, राजेंद्र सिरसी, तरसेम राणा, सरपंच जगबीर पुनिया, अर्जुन, जयकिशन, सतबीर गोस्वामी, आदि मौजूद रहे।

करनाल। सुमित नरवाल के साथ खिलाड़ी हर्षित कांबोज व अभय नरवाल।

हर्षित काम्बोज व अभय नरवाल हरियाणा अंडर

■ हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिरुद्ध चौधरी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

गांव फाजिलपुर के हर्षित कंबोज व गांव नरुखेडी के अभय नरवाल हरियाणा के अंडर 23 क्रिकेट टीम के शिविर मे चुने गये। दोनों खिलाड़ी सुमित नरवाल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित फ़ास्ट बॉलर प्रतियोगिता में पहले व दूसरे स्थान पर रहे थे तभी से निरंतर नरवाल क्रिकेट अकैडमी में प्रशिक्षण प्राप्त अब हरियाणा के अंडर 23 टीम के शिविर में चयनित हुए है। इन खिलाडिय़ों की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए आई पी एल खिलाड़ी सुमित नरवाल ने कहा कि यह इन बच्चों की मेहनत के कारण ही इनको यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिरुद्ध चौधरी जी का बहुत आभार प्रकट किया जो छोटे गांव के बच्चो को मौक़ा दे रहे है। सुमित नरवाल ने क्रिकेट के बारे जानकारी देते हुए कहा कि भारत में क्रिकेट एक धर्म की तरह है ओर तेज गेंदबाजी की तकनीक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तेज़ और सीधी गेंदबाज़ी करने में मदद के लिए, आपको आम तौर पर तेज़ रन अप की आवश्यकता होगी जो आपके लक्ष्य की ओर निर्देशित हो और तेज रन अप तेज गेंदबाजी गति से जुड़ा हुआ है, इसलिए तेजी से दौडऩे के लिए आवश्यक तकनीक और ताकत विकसित करना उचित है। इसके साथ साथ रन अप आपको अपने तेज गेंदबाजी एक्शन से पहले गति और दिशा हासिल करने में मदद करता है। यह आपकी गेंदबाजी तकनीक का भाग है जो इस बात पर प्रभाव डाल सकता है।

विर्क अस्पताल में घुटने व कुल्हे का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 16 दिसंबर को

करनाल । विर्क अस्पताल तथा सुख दुख संस्था द्वारा घुटने व कुल्हे का निशुल्क मेडिकल कैंप 16 दिसंबर दिन शनिवार को सुबह 10 बजे विर्क अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। यह कैंप दोपहर 1 बजे तक रहेगा। घुटने व कुल्हे के स्पेशलिस्ट डा. बलबीर विर्क तथा डा. दक्ष शर्मा कैंप में मरीजों की जांच करेंगे। यह जानकारी समाजसेवी प्रवेश गाबा ने दी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कैंप में एक्सरे सहित विभिन्न टेस्ट निशुल्क किए जाऐंगे। प्रवेश गाबा ने शहर के सभी लोगों से शिविर में लाभ उठाने की अपील की।

तरावड़ी। कार्यकत्र्ताओं की बैठक को संबोधित करते कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश प्रभारी राजबीर मराठा।

कांग्रेस का संगठन जल्द होगा तैयार, पार्टी को मिलेगी मजबूती

■ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश प्रभारी राजबीर मराठा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी

कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश प्रभारी राजबीर मराठा ने कांग्रेस सेवा दल के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव चरणदेव कामरा को बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान किया जाता है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पूरी लग्न और मेहनत के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है। वह आज कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव चरणदेव कामरा के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूथ को मजबूत करने के लिए संगठन तैयार किया जा रहा है, बहुत जल्दी इसकी घोषणा की जाऐगी, संगठन बन जाने के बाद कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कार्यकत्र्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को ओर ज्यादा मजबूत करने के लिए कांग्रेस सेवा दल लगातार कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक लेकर जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आगामी समय में होने वाले चुनावों में पार्टी को विजयी बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस सेवादल कमर कसेगी। बैठक में प्रदेश महासचिव चरणदेव कामरा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से हर वर्ग हताश और परेशान है। अब प्रदेश की जनता कांग्रेस की ओर देख रही है। 2024 के विधानसभा और लोकसभा चुनावों में प्रदेश की जनता वोट की चोट कर भाजपा को सबक सिखाएगी।

फ्लोर मिल से मशीनों की 10 मोटरें- 50 क्विंटल चावल ले गए चोर

करनाल। करनाल के शिवपुरी रोड पर चोरों ने एक फ्लोरमिल का शटर व ताले तोड़कर करीब 12 लाख रुपए का सामान उड़ा लिया। फ्लोर मिल से चावल, मशीनों की मोटरें, बैटरी इन्वर्टर, पंखे, बिजली की वायर सहित अन्य सामान चोरी हुआ है। चोर फ्लोर मिल में लगे कैमरे भी तोड़ गए और डीवीआर साथ लेकर फरार हो गए। मिल मालिक वारदात के बाद से स्तब्ध है। चोरी की शक पास की कॉलोनी के युवकों पर है। पुलिस जांच में लगी है।मिल के मालिक सुशील कुमार गर्ग की सिग्नेचर ओवरसीज के नाम से शिवपुरी रोड पर स्टार सोलवेंट कॉम्प्लेक्स आउट साइड जुंडला गेट करनाल में फ्लोर मिल है। इसमें करीब 350 क्विंटल चावल का स्टॉक लगा हुआ है, जो अलग-अलग कंपनियों का है। फ्लोर मिल में मशीनों पर 25 मोटरें भी लगी हुई थी। सुशील गर्ग ने बताया है कि वह 3 दिन पहले फ्लोर मिल में आया था, तब सब ठीक था। आज सुबह जब वह फ्लोर मिल पर आया था। यहां से सामान लोड करवाना था, लेकिन उसे फ्लोर मिल के शटर के ताले टूटे हुए मिले। सामान बिखरा पड़ा था।सुशील ने बताया है कि उसके फ्लोर मिल से मशीनों की 10 मोटर गायब थी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कलेक्टर रेट की समीक्षा करने के दिए निर्देश

■ एडीसी ने जिला में प्रस्तावित कलेक्टर रेट को लेकर प्राप्त आपत्तियों की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

करनाल। लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारी से चर्चा करते हुए एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला में प्रस्तावित कलेक्टर रेट को लेकर प्राप्त आपत्तियों की जनसुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान आपत्ति दर्ज कराने वाले व्यक्तियों ने कलेक्टर रेट को कम करने व बढ़ाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एडीसी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित प्राप्त आपत्तियों को लेकर दोबारा से तहसीलदारों के साथ कलेक्टर रेट को कम करने व बढ़ाने के बारे में समीक्षा करें और उसकी रिपोर्ट शीघ्र अति शीघ्र उपायुक्त कार्यालय में भिजवाएं। बता दें कि प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर जिला भर से करीब 90 लोगों ने आपत्ति जताई। जिनमें सबसे ज्यादा आपत्ति सैक्टर 32, सैक्टर 13, कुंजपुरा रोड, मॉडल टाउन, अंसल, आईटीआई चौंक से बुड्ढा खेड़ा, सैक्टर 12 सहित जिले से आपत्ति आई हुई है, घरौंडा, इन्द्री व असंध में ऐग्री कल्चर लैंड की आपत्ति आई हुई है। बैठक में करनाल तहसील के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र से संबंधित शेखपुरा सुहाना, सैक्टर 32, 33, अंसल के रेट को लेकर दि करनाल प्रॉपर्टी जिला एसोसिएशन के प्रधान लोकेश मुंजाल, विजय कुमार, किरण ने तथा आईटीआई के पास स्थित एचएसआईडीसी कॉलनी के कलेक्टर रेट निर्धारित करने के लिए जगजीत सिंह चावला ने आपत्ति दर्ज कराई। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आपके सुझाव पर विचार किया जाएगा और अंतिम निर्णय जिला स्तरीय कमेटी द्वारा लिया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम घरौंडा अदिति, एसडीएम इन्द्री अशोक कुमार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की संपदा अधिकारी अनुपमा मलिक, जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल, डीआईओ महिपाल सिकरी, सभी तहसीलदार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।

जेनेसिस के संचालक के पिता का निधन

करनाल। जेनेसिस क्लासिज के संचालक तथा समाज सेवी जितेंद्र अहलावत के पिता श्री चौधरी महेंद्र सिंह अहलावत का 12 दिसंबर को देर शाम उनके ग्राम काजी पुरा जवाहर नगर मुरादावाद उत्तर प्रदेश मे अचानक निधन हो गया। उनकी उम्र 65 साल की थी। उनके निधन पर गुजरात के गवर्नर आचार्य देव ब्रत जी, मुख्यमन्त्री मनोहर लाल, हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष आजाद सिंह सहित राजनेताओ बुद्धजीवियो ने शोक व्यक्त किया है।

रोजगार के नाम पर युवाओं को ठग रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

■ सरकार पर लगाया जन विरोधी नीतियों का आरोप

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि 2019 में मोदी और मनोहर सरकार ने रोजगार देने के नाम पर युवाओं को ठगने का काम किया था। पीएम मोदी ने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, जिसे वह पूरा नहीं कर पाए। सुरेश गुप्ता ने कहा कि भारत में सबसे ज्यादा युवा रहते हैं, लेकिन खेद की बात है कि पिछले सात-आठ सालों में रोजगार नहीं मिलने की वजह से युवा विदेशों की तरफ रूख कर रहे हैं। देश की सरकार को शर्म आनी चाहिए कि युवाओं को रोजगार नहीं दे सकी। उन्होंने कहा कि एक युवक 20 से 30 लाख रुपए खर्च कर विदेश में नौकरी के लिए जाता है। सरकार की नाकामी की वजह से माता-पिता घर और जमीन बेच कर अपने बच्चों को विदेश भेजने के लिए मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी की वजह से युवा नशे और अपराध की तरफ भटक जाता है, जिससे समाज को बहुत बड़ा नुकसान होता है। देश और प्रदेश का युवा वर्ग भाजपा की गलत नीतियों की वजह से गुस्से में है। 2024 में कांग्रेस की सरकार बनने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

ट्रिपल मर्डर मामले का आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने ट्रिपल मर्डर मामले के आरोपी राकेश कुमार निवासी शांतिनगर कुरडी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 7 दिसम्बर को झांसा पुलिस को सूचना मिली थी कि शांतिनगर कुरडी गांव में एक व्यक्ति ने फांसी ले ली है तथा उसके घर में उसकी पत्नी तथा दो बच्चे मृत हालत में पड़े हैं। जिस सूचना पर पुलिस टीम गांव में पहुंची तथा सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौका पर बुलाया गया।

संजौली भारत की 75 मोस्ट पावरफुल व इंस्पारिंग वूमेन में से एक

संजौली बैनर्जी को ब्रिटेन के किंग प्रिंस चार्ल्स ने रिसेप्शन का दिया न्यौता

■ 15 दिसंबर यानी आज का मिला न्यौता, अंतरराष्ट्रीय पहचान से बुलंद हो रहे हैं इरादे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

अंतरिक्ष परी स्वर्गीय कल्पना चावला की तरह कर्ण की धरा की एक ओर होनहार, काबिल और जुझारू बेटी संजौली बैनर्जी को ब्रिटेन के किंग चार्ल्स सरकार ने अवार्ड के साथ-साथ खास मेहमान की तरह रिसेप्शन का न्यौता दिया है। यूके से डायना, संयुक्त राष्ट्र संघ और मोसेया से संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार हासिल करने वाली संजौली बैनर्जी ऐसा विशेष न्यौता हासिल करने वाली देश की सबसे कम उम्र की बेटी हैं। संजौली भारत की 75 मोस्ट पावरफुल व इंस्पारिंग वूमेन में से एक हैं जिन्हें प्रिंस चार्ल्स ने विशेष न्यौते पर बुलाया है। विश्व स्तर पर करनाल का नाम आसमां पर ले जाने के लिए बरसों से लिंग समानता, शिक्षा, पर्यावरण व स्वास्थ्य की अलख जगा रही संजौली बैनर्जी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाले इस सम्मान का श्रेय अपने शिक्षक व चिंतक पिता मिहिर बैनर्जी व माता गगन बैनर्जी की प्रेरणा को देती हैं। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर संजौली सहित भारत व ब्रिटेन की अन्य 74 पावरफुल महिलाओं को भी खास मेहमान बनकर यहां रिसेप्शन का न्यौता दिया गया है लेकिन हरियाणा व आसपास के राज्यों से ऐसा विशेष सम्मान हासिल करने वाली संजौली अकेली महिला हैं।बकौल संजौली, मैं एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचाने जाने से खुश हूं। मैं युवाओं की शक्ति में विश्वास रखती हूं, मेरा दृष्टिकोण हमारे समाज को सामाजिक रूप से जागरूक और सशक्त देखना है, एक युवा व्यक्ति और इस देश के नागरिक के रूप में ये मेरी प्रबल जिम्मेदारी भी है।

सफलता और मुकाम यूं चलकर नहीं आते इसके लिए अथक गंभीर प्रयास करने पड़ते हैं और संजौली बैनर्जी ये प्रयास लगातार मात्र 7 साल की उम्र से कर रही हैं इस कड़ी में आस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा अध्यन्न में स्नातक और सामाजिक कार्य में स्नातकोतर संजौली बैनर्जी ने लिंग समानता, शिक्षा, पर्यावरण व स्वास्थ्य पर जागरूकता की अलख जगाने के लिए विभिन्न समुदायों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। इसके अलावा संजौली अपनी बहन के साथ मिलकर उन बच्चों को निःशुल्क पढ़ाती हैं जो किसी कारण से शिक्षा से वंचित रह गए। इस कड़ी में संजौली बैनर्जी ने 2004 में कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ समाज में नई रोशनी जलाने वाली अपनी बहन अन्नया के साथ मिलकर करनाल के गांव दरड़ में एक निःशुल्क मोबाइल स्कूल चलाया जहां उन्होंने ऐसे बच्चों को पढ़ाया जो पढ़ना तो चाहते थे लेकिन उनके आर्थिक हालात उन्हें पढ़ने की इजाजत नहीं देते थे और आज भी ये सिलसिला बदस्तूर जारी है। ये स्कूल अब दिल्ली के स्लम एरिया में चल रहा है। दोनों बहनें सामूहिक रूप से दो लाख से अधिक लोगों तक पहुंच चुकी है, सैंकडों छात्र-छात्राओं को इन दोनों ने शिक्षा के अनमोल धन से मालामाल किया है। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए देशभर में हजारों स्वच्छता उत्पाद बांटे हैं। यही नहीं संजौली को एक दिन के लिए आस्ट्रेलियाई संघीय संसद सदस्य (एमपी) के रूप में काम करने का विशेष सम्मान भी मिल चुका है। इस दौरान संजौली ने तत्कालीन प्रधानमंत्री स्कॉट मारिसन को एक चार्टर भी पेश किया। संजौली ने ब्रिटेन की शेफील्ड यूनिवर्सिटी से एएनयू से स्टडी एक्सचेंज प्रोग्राम की पढ़ाई भी की है।

20 करोड़ से सौंदर्यीकरण परियोजनाओं पर होगा काम

■ नगर निगम की बैठक में 12 प्रस्ताव सदन की सहमति से हुए पास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

नगर निगम हाऊस की गुरूवार को हुई साधारण बैठक महापौर रेनू बाला गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा, मुख्यमंत्री के विधानसभा प्रतिनिधि संजय बठला, वरिष्ठा उप महापौर राजेश अग्घी, उप महापौर एडवोकेट नवीन कुमार तथा पार्षदगण व निगम के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में महापौर ने दिव्य नगर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत शहर में अनुमानित 20 करोड़ रुपये की लागत की दो बड़ी परियोजनाओं पर काम करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें 8 किलोमीटर लम्बाई की विभिन्न सडक़ों तथा शहर के मुख्य-मुख्य पार्क व चौक-चौराहों का सौंदर्यकरण करवाया जाना है। इन दोनो कार्यों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करके मुख्यालय भेजी जा चुकी है। इनकी अनुमति जल्द ही मिल जाएगी और उसके बाद उक्त दोनो कार्यों की निविदा आमंत्रित कर काम करवाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त ने बैठक में पार्षदों को जानकारी देते बताया कि शहर के विकास, सौंदर्यकरण और साफ-सफाई को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम लगातार काम कर रहा है।

खबर संक्षेप

महिला अपने पुत्र के साथ लापता हुई

पानीपत। जिले के समालखा कस्बे में लिव इन रिलेशन में रह रही करनाल की एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला अपने 6 साल के बेटे को भी साथ ले गई। वहीं, समालखा थाना पुलिस को दी शिकायत में अमित कुमार ने बताया कि वह गांव मछरोली का रहने वाला है। वह करीब 1 साल से करनाल जिला के गांव जबाला की रहने वाली 31 वर्षीय एक महिला के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा है। महिला के साथ उसका 6 साल का बेटा भी रहता है। 10 दिसंबर को महिला अपने पुत्र के साथ लापता हो गई।

महिला सशक्तिकरण को लेकर ठोस कदम उठाए

पानीपत। केंद्र व राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को लेकर ठोस कदम उठाए हैं। अब महिलाओं की डिपो होल्डर में 50 प्रतिशत की भागीदारी होगी। यह बात जिला परिषद की अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने वीरवार को गांव नोल्था डुंगरान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित किया जा रहे जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित करते हुए कही।

कांग्रेस नेता का जोरदार स्वागत किया

पानीपत। कांग्रेस नेता महेंद्र कादियान द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा के गांव बिंझौल का दौरा किया। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा कांग्रेस नेता का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर नेहरू कश्यप, विनोद कश्यप, वेद पांचाल,गुलाब, कृष्ण , डा.सोनू व राजकुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

स्मोक बम कांड की जांच एनआईए से हो

पानीपत। विश्व हिन्दू तख्त व एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने केंद्र सरकार से मांग की कि संसद भवन में स्मोक बम कांड की जांच एनआईए से करवाई जाए। इस अवसर पर विश्व हिन्दू तख्त के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कपूर, जिला अध्यक्ष मदन भारद्वाज, विकास ग्रोवर, राजू बठला, नवीन मनचंदा, सुरेन्द्र मक्कड़, हरीश परूथी, अनिल बजाज, कपिल गिरधर, विशाल, राजू, जश्न बजाज, राज कुमार गौरव बत्रा आदि उपस्थित रहे।

चुलकाना धाम में संकीर्तन 17 को

समालखा। श्री श्याम प्रचार प्रसार समिति चुलकाना धाम के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि तरावड़ी करनाल से श्री श्याम बाबा की पैदल रथयात्रा एवं ध्वज यात्रा चुलकाना धाम में 17 दिसंबर को पहुंचेगी। शाम 5 बजे से बाबा की ईच्छा तक श्री श्याम बाबा के संकीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसमें हरियाणा के प्रसिद्ध भजन गायक सोनू सांवरिया, प्रमोद पड़वाला, रेनू दीदी, साहिल , जतिन , तमन्ना त्यागी सहित अनेक कलाकारों द्वारा श्री चुनकट ऋषि और श्री श्याम की सिद्ध शक्तिपीठ तपोभूमि चुलकाना में इस धाम की महिमा का गुणगान करेंगे।

विद्यार्थियों के लिए खेल जरूरी

पानीपत। आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस है। इसी के दृष्टिगत छात्रों को ऊर्जावान बनाने के लिए ही इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आशा अरोड़ा, सुनील व जगदीश चहल, प्रवीण आर्य, ओम दत्त आर्य भी उपस्थित रहे।

स्वामी ब्रह्मानंद जयंती समारोह 17 को

पानीपत। पानीपत के गांव मतलौडा स्थित अनाज मंडी में 17 दिसंबर को जगतगुरु स्वामी बह्मानंद की जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता पूर्व प्रदेश सचिव सत्यवान शेरा द्वारा किया जाएगा। भाजपा नेता सत्यावानने अपने गांव भालसी स्थित आवास पर प्रेस वार्ता में बताया कि 17 को मतलौडा अनाज मंडी में स्वामी बह्मानंद की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

गोल्ड मेडल विजेता सुमन का स्वागत किया

बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाएं

सुमन ने गोल्ड मेडल जीत कर हरियाणा व गांव सिवाह का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

खेलो इंडिया में वेटलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतने वाली पानीपत के गांव सिवाह निवासी खिलाड़ी सुमन देवी का गांव में पहुंचने पर सरपंच आर्य सुनीता कादियान की अगुवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। वहीं सुमन ने गोल्ड मेडल जीत कर हरियाणा व गांव सिवाह का नाम रोशन किया है। सरपंच आर्य सुनीता कादियान ने सिवाह ग्राम पंचायत की ओर से सुमन देवी को 11000 रुपये और शॉल देकर सम्मानित किया गया। गांव सिवाह के खिलाड़ियों व ग्रामीणों ने भी सुमन का स्वागत किया और रोडवेज बस स्टैंड से सुमन को विजयी जुलूस के रूप में उनके निवास तक लेकर पहुंचे। इधर, सरपंच आर्य सुनीता कादियान ने कहा कि हरियाणा को भारतीय खेलों की जननी कहा जाता है लेकिन इस समय हरियाणा के खिलाड़ी सभी देसी विदेशी खेल प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करके हरियाणा और देश का नाम रोशन कर रहे हैं उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत गांव के सभी होनहार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को न केवल सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाती है बल्कि उसकी प्रतिभा के अनुसार 11000 और 21000 का इनाम देकर सम्मानित भी करती है उन्होंने कहा कि गांव सिवाह की नवीन खेल अकादमी की ओर से भी होनहार खिलाड़ियों को निःशुल्क सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है ग्राम सिवाह की नवीन खेल अकादमी की ओर से वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में पूर्ण सहयोग दिया है उन्होंने कहा कि उनके पति आर्य बाल भारती के प्रधान रणदीप कादियान भी खिलाड़ी रहे हैं इसलिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में उनका भी ग्राम पंचायत को पूर्ण सहयोग मिलता है इस अवसर पर नंबरदार जयदीप कादियान खिलाड़ी कपिल कादियान खिलाड़ी नवीन कादियान रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

पानीपत। गांव सिवाह में सुमन का स्वागत करते हुए सरपंच सुनीता कादियान।

स्वयंसेवकों ने ऊर्जा संरक्षण की शपथ ली

- एसडी कॉलेज में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइयों द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला एवं विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उर्जा संरक्षण के बारे में जागरूक किया । इस अवसर पर एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. राकेश गर्ग, डॉ दीप्ति गाबा, डॉ. एसके वर्मा, डॉ मुकेश पुनिया, दीपक मित्तल, चिराग सिंगला समेत स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यशाला के उपरान्त स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं को ऊर्जा संकट के प्रति जागरूकता बोध के उद्देश्य शपथ दिलाई गई । विदित रहे कि भारत में प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है जिसकी शुरूआत 1991 से हुई । यह दिन ऊर्जा के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है क्योंकि यही हरित और उज्जवल भविष्य का सबसे अच्छा तरीका है । पिछले वर्ष कॉलेज ने भी लगभग 50 लाख रुपये धनराशी खर्च करके सौर उर्जा पेनल्स कॉलेज में लगवाये जिनसे न सिर्फ बिजली पैदा होती है बल्कि उर्जा संरक्षण में भी अभूतपूर्व योगदान मिल रहा है। एनएसएस स्वयंसेवकों ने सौर उर्जा पेनल्स लगवाने के बारे और पेनल्स लगवाने पर मिल रही सरकारी सब्सिडी एवं योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का अभियान चलाने का भी प्रण लिया।

पानीपत। एसडी कॉलेज में ऊर्जा संरक्षण की शपथ लेते टीचर व विद्यार्थी।

ऊर्जा संरक्षण वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता

प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता है जो हमारे उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत जरुरी है । हम सभी को अपनी धरती के भविष्य को और बेहतर बनाने के लिए इसमें शामिल होना चाहिए। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने का उद्देश्य ऊर्जा और संसाधन संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है। ऊर्जा के संरक्षण का अर्थ ऊर्जा का अंधाधुंध दुरुपयोग करने के बजाय इसका बुद्धिमानी से उपयोग करना है।

जंक फूड से होते हैं लीवर रोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

बोगैनविलिया हस्पताल में आदर्श एक विश्वास सोसाईंटी के द्वारा बुधवार को लिवर फाइब्रोस्केन कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में 71 मरीजों ने अपने लीवर की जांच करवाई। डा.वरुण आर्य ने बताया कि आजकल के गलत खानपान से काफी लोगों को लिवर से संबंधित बीमारियां हो रही हैं जोकि आगे जाकर कैंसर का रूप ले लेती हैं। डा.वरुण आर्य ने बताया कि लिवर से संबंधित बीमारियों की रोकथाम के लिए जंक फूड,शराब का सेवन व तली हुई चीजो का सेवन ना करके उचित व्यायाम व सैर को प्राथमिकता देनी चाहिए। आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल ने बताया कि लिवर फाइब्रोसेकन का कैम्प बोगैनविलिया हस्पताल में किया गया। जिसमें डा.वरुण आर्य ने मरीजों के लिये निःशुल्क ओपीडी रखी थी। सिद्धार्थ, जोया व उमा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पानीपत। आदर्श एक विश्वास के कैंप में जांच करते डा वरूण आर्य। *फोटो : हरिभूमि*

ट्रिपल मर्डर मामले का आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने ट्रिपल मर्डर मामले के आरोपी राकेश कुमार निवासी शांतिनगर कुरडी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 7 दिसम्बर को झांसा पुलिस को सूचना मिली थी कि शांतिनगर कुरडी गांव में एक व्यक्ति ने फांसी ले ली है तथा उसके घर में उसकी पत्नी तथा दो बच्चे मृत हालत में पड़े हैं। जिस सूचना पर पुलिस टीम गांव में पहुंची तथा सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौका पर बुलाया गया। पुलिस को दिए अपने ब्यान मे संजीव कुमार पुत्र छज्जु राम वासी ननहेडा थाना सम्भु जिला पटियाला पंजाब ने बताया कि वह प्राइवेट नोकरी करता है।

नशे की लत से स्ट्रोक आने की आशंका अधिक

- नागरिकों से नशे की लत का त्याग करने की सलाह, सर्दी के मौसम में शुगर, ब्लड प्रेशर के रोगी अधिक सावधान रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

उत्तर भारत के लीडिंग अस्पताल मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, शालीमार बाग नई दिल्ली ने बुधवार को पानीपत में जन जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, शालीमार बाग में न्यूरोसर्जरी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉक्टर अनिल कुमार कंसल व न्यूरोलॉजी के यूनिट हेड डॉक्टर मनोज खनल ने बताया कि मैक्स अस्पताल शालीमार बाग पानीपत में ऐसा पहला और निकटतम अस्पताल है जो एक स्ट्रोक-रेडी पेशंट है, जहां स्ट्रोक के किसी भी मरीज को गोल्डन आवर्स के दौरान आसानी से लाया जा सकता है। वहीं डॉ. खनल ने कहा कि स्ट्रोक के सामान्य लक्षणों में सुन्नता, कमजोरी, कंफ्यूजन, बोलने में परेशानी, विजन की परेशानी, गंभीर सिरदर्द और समन्वय की समस्याएं शामिल हैं। स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है जिस पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होती है। इसमें 'गोल्डन आवर' काफी महत्वपूर्ण है, खासकर इस्केमिक स्ट्रोक के लिए इसकी भूमिका काफी ज्यादा है। अगर तुरंत इलाज मिलता है तो क्लॉट डिजॉल्विंग या क्लॉट रिमूवल प्रक्रिया के जरिए ब्रेन को होने वाला डैमेज कम किया जा सकता है और रिकवरी के चांस भी बेहतर हो जाते हैं, स्ट्रोक को कंट्रोल करने के लिए थ्रांबोलिटिक थेरेपी की जाती है, एंटीकोआगुलंट्स और एंटीप्लेटलेट दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है और ब्लड प्रेशर को बहुत प्रभावी ढंग से कंट्रोल किया जाता है।

पानीपत। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉ मनोज खनल व डॉ अनिल कंसल प्रेस वार्ता करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

स्ट्रोक से बचने के लिए व्यायाम करें

डॉ. अनिल कुमार कंसल ने कहा कि भारत में स्ट्रोक केस का बड़ा बोझ है यहां स्ट्रोक के 68.6 फीसदी केस हैं, स्ट्रोक से होने वाली मौतों का आंकड़ा 70.9 फीसदी है और 77.7 फीसदी मामलों में विकलांगता हो जाती है. स्ट्रोक मौत का दूसरा सबसे आम कारण है. भारत में हर साल लगभग 185,000 स्ट्रोक केस सामने आते हैं, हर 40 सेकंड में एक स्ट्रोक और हर 4 मिनट में स्ट्रोक से एक मौत होती है। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक से बचने के लिए व्यायाम करें, नशे की लत का त्याग करें, तला हुआ व जंक फूड न खाए।

कर्मियों की मांगें पूरी करे सरकार

- समालखा नगर परिषद के हड़ताली कर्मचारियों को अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। समालखा

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आयोजित नगर पालिका परिषद निगम की राज्य व्यापी हड़ताल के दौरान समालखा नगर परिषद के हड़ताली कर्मचारियों को अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने दिया समर्थन। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र ने हड़ताली कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा समान काम समान वेतन एरियर्स सहित लागू करने, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने, कच्चा कर्मचारियों को पक्का करने, जोखिम भत्ता लागू करने, आऊटसोसिंर्ग पॉलिसी बंद करने और ठेका प्रथा पर रोक लगाने संबंधी तमाम मुद्दों का खेत मजदूर आन्दोलन समर्थन करता है। वहीं हड़ताली कर्मचारियों के समर्थन में पूर्व विधायक रविंद्र मच्छरौली और नगर पालिका समालखा के पूर्व चेयरमैन पति सचिन अग्रवाल धरना स्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी संघ समालखा इकाई के प्रधान रणबीर सिंह, सचिव कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष गीता देवी, उप प्रधान राजबाला, प्रैस सचिव सुनील कुमार, राजेन्द्र, जसवंत सिंह, प्रदीप, अजय, सनी, कमलेश, कुलदीप, राजेश आदि लोग मौजूद रहे।

समालखा। नगर परिषद के हडताली कर्मियों को संबोधित करते हुए राजेंद्र।

राज्यमंत्री ने जरूरतमदों को वितरित किए चेक

पिहोवा। राज्य मंत्री संदीप सिंह की तरफ से जरूरतमंद परिवारों एवं सामाजिक धार्मिक संस्थाओं में आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। टीकरी कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को चेक देते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि आम आदमी की छोटी-छोटी जरूरतें होती हैं। जिन्हें पैसे के अभाव में वे पूरी नहीं कर पाते। किसी को मकान बनाना है, किसी को बीमारी का इलाज तो किसी को बच्चों की फीस भरनी है। ऐसे में उनका प्रयास रहता है कि सरकार की योजनाओं से अलग अपने स्वैच्छिक कोटे से भी लोगों की मदद की जाए। पिछले लगभग लगभग सवा चार साल के कार्यकाल में उन्होंने करोड़ों रुपए की राशि आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों में वितरित की है।

करियर को लेकर गंभीर हों विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। समालखा

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अगवाई मसूरी से आए समाजसेवी, भाषाविद व शिक्षाविद धर्म फरसवान ने की। फरसवान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसी भी क्षेत्र का चयन करने अथवा उच्च पद पर आसीन होने के लिए भरसक प्रयास के साथ-साथ एक उचित दिशानिर्देशन का होना जरूरी है। जिसके सानिध्य में आप अपनी नीतियों, क्रियाकलापों व परीक्षाओं को आयाम देते हैं। इसके अतिरिक्त हम सभी को जानना चाहिए कि मातृभाषा को सर्वोपरि रखते हुए, अन्य क्षेत्रों में भी सफलता प्राप्त करने के लिए अनेक प्रकार की भाषाओं को जानना आवश्यक है। हर भाषा का अपना एक अलग महत्व है। सेमिनार की जानकारी देते हुए विद्यालय अध्यक्ष जगदीश अरोड़ा और एकेडमिक डायरेक्टर अर्चना जैन ने बताया कि समय-समय पर विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग से हमारा उद्देश्य केवल इतना है कि बच्चे स्वयं अपनी रुचि को ध्यान में रखते हुए अपने करियर का चुनाव करें।

समालखा। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में कैरियर कांउसलिंग में भाग लेते विद्यार्थी।

पानीपत जिला बार का चुनाव आज

पानीपत। पानीपत जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय के ग्राउंड फ्लोर पर कॉन्फ्रेंस हॉल में 5 बूथ बन चुके हैं। इनमें 25 ईवीएम लगा दी गई हैं। इनके अलावा 5 ईवीएम को स्टैंडबाय में रखा गया है। शुक्रवार सुबह 8 बजे ट्रायल होगा। जिसके बाद 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक 2337 वकील मतदान करेंगे। जिनमें 440 महिला वकील पहली बार पिंक बूथ पर वोट डालेंगी। अफड एडवोकेट करण पाल का दावा है कि देश में पहली दफा बार चुनावों में पिंक बूथ बनाया गया है। यह पहल पानीपत ने की है। ईवीएम की पहरेदारी के लिए न्यायिक परिसर के गार्द और महिला कॉन्स्टेबलों सहित 30 जवानों की एसपी कार्यालय की फोर्स तैनात होगी। रिटनिंग कमेटी ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा को बार चुनाव में आमंत्रित किया। इधर, रिटनिंग ऑफिसर राजेश अहलावत ने बताया कि सीटीएम कार्यालय के कर्मचारी महेंद्र ने बार चुनाव में शामिल विभिन्न पदों के 17 प्रत्याशियों की मीटिंग ली। ईवीएम के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी। इधर प्रधान पद के प्रत्याशी निवर्तमान प्रधान अमित कादयान, पूर्व प्रधान रहे रजनीश त्रेहन और प्रत्याशी वीरेंद्र मलिक तीनों ही वकीलों का वोट पाने के लिए दिन-रात भागदौड़ कर रहे हैं। वहीं, प्रचार-प्रसार के साथ-साथ तीनों ही प्रत्याशी कार्यकाल पूरा होने तक वकीलों को बेहतर सुविधाएं देने का वादा कर रहे हैं। नए वकीलों के लिए चैंबर, पार्किंग व्यवस्था, इंश्योरेंस और सुरक्षा व्यवस्था सभी के एजेंडों का आधार है।

फ्लावर शो प्रतियोगिता में नीशू रही द्वितीय

कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान ब्रहमसरोवर के तट पर आयोजित जिला स्तरीय फ्लावर शो प्रतियोगिता में अनुपम शिक्षा निकेतन, पटेल नगर की 12वीं कक्षा की छात्रा नीशू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

सूचना

मैं, सुमन पत्नी सतनारायण पुत्र रामेश्वर निवासी गांव अलीपुर खालसा तहसील घरौंडा, जिला करनाल व हाल निवासी मकान नं. 2438, सैक्टर-18, हुडडा, पानीपत बयान करती हूं कि मैं उक्त मकान की विक्रय पत्र वसीका नं. 3881 दिनांक 02.09.2016 की रूह से मालिक हूं। इस संपत्ति की पहले की असल रजिस्ट्री वसीका नं. 7219 दिनांक 20.12.2011 जोकि सब रजिस्ट्रार पानीपत सेक्टर 18 के पास पंजीकृत है। मुझसे कहीं गुम हो गई है और काफी तलाश के बाद मुझे नहीं मिली। उक्त असल वसीका मिलने पर मैं इसका किसी प्रकार से दुरूपयोग नहीं करूंगी।

न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।

पूनम बरेजा पत्नी स्व. श्री वेद प्रकाश बरेजा निवासी मकान नम्बर 28, सेक्टर 6, हुडा, पानीपत।
बनाम
जनरल पब्लिक
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि पूनम बरेजा पत्नी स्व. श्री वेद प्रकाश बरेजा निवासी मकान नम्बर 28, सेक्टर 6, हुडा, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्री वेद प्रकाश पुत्र स्व. श्री कन्हैया लाल पुत्र श्री राम चन्द्र की मृत्यु दिनांक 05/08/2019 को ही चुकी है इनकी मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। हल्का पटवारी तथा अंजलि शर्मा नगर निगम पार्षद वार्ड 3 पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है:-
1. पूनम बरेजा (पत्नी) 2. ज्योति बरेजा (पुत्री) 3. दीपक बरेजा (पुत्र) कुल (3) जायज वारिस हैं।
इनके अलावा मृतक श्री वेद प्रकाश का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई एतराज हो तो वह स्वयं /अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इशहार आज दिनांक 12/12/23 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मौहर द्वारा जारी किया गया।
हस्ता/-
तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

संकल्प यात्रा का गांव छाजपुर खुर्द में पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया

मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित होने की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

विकसित भारत संकल्प यात्रा का वीरवार को गांव छाजपुर खुर्द में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य संजय छोक्कर ने शिरकत कर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई और कहा कि केंद्र व प्रदेश में सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है, निश्चित रूप से 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। इस दौरान कार्यक्रम में उन्होंने स्टालों का निरीक्षण करते हुए लाभार्थियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुन मौके पर ही समाधान करवाया गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के माध्यम से आमजन की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियो से कहा कि यहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों पर आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, राशन कार्ड, फैमिली आईडी, पेंशन आदि का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में एलईडी युक्त वैन के जरिये सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया।

पानीपत। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाजपा नेता संजय छोक्कर को सम्मानित करते आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

कार्यक्रम में ड्रोन का डेमो दिखाया गया

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल ने कहा कि सरकार ने बिना खर्ची पर्ची के लोगों को नौकरी देने का काम किया है। सरकार द्वारा गांवों के विकास के लिए अनेक कार्य करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर एसडीएम समालखा अमित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ड्रोन का डेमो भी दिखाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान संजय छोकर ने सरपंच को अभिनंदन पत्र भी सौंपा और विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विद्यार्थियों एवं गांव के गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अवैध हथियारों के चार तस्कर गिरफ्तार

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने समालखा अनाज मंडी गेट पर दो युवकों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर दो असला सप्लायरों को दिल्ली से गिरफ्तार किया।आरोपियों की पहचान विजय निवासी चुलकाना हाल सुलतानपुरी, अनुभव निवासी कर्ण विहार दिल्ली, संदीप निवासी रोहणी सेक्टर 20 व नरेंद्र निवासी जहागीर पुरी दिल्ली के रूप में हुई। आरोपी विजय से अवैध एक देसी पिस्तौल व आरोपी अनुभव से एक देसी पिस्तौल व 2 जिंदा रौंद बरामद हुए। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना समालखा में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की तो आरोपियों ने पुलिस को बताया उन दोनों के खिलाफ पहले भी मारपीट, हत्या का प्रयास व छेड़छाड़ के मुकदमें दर्ज है।

खबर संक्षेप

धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज जमीन की धोखाधड़ी की मामले में पुलिस ने आरोपी अमित को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया है। शिव कॉलोनी के विक्रम ने 23 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 मई 2023 को आरोपी धर्मेंद्र कुमार व अन्य ने आपस में मिलकर ने किसी अन्य की जमीन को अपनी बतलाकर धोखे से उसे बेचने पर उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धाखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

यातनाएं देने वाला दूसरा आरोपी काबू

अंबाला। थाना सदर अम्बाला में दर्ज अपराधिक मानव वध के मामले में पुलिस ने अब आरोपी अमनदीप सिंह संधू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बलदेव नगर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के राज कुमार 10 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 सितंबर 2023 को आरोपी अमनदीप सिंह व अन्य ने मिलकर नशा मुक्ति केंद्र में यातनाएं देकर उसके बेटे की हत्या कर दी है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। अब पुलिस ने अमनदीप को काबू किया है।

किशोरी को ले जाने वाला गिरफ्तार

अंबाला। थाना पड़ाव में दर्ज किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी दिवांश उर्फ विशु को गिरफ्तार किया है। किशोरी के पिता ने 12 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी दिवांश उर्फ विशु उसकी पुत्री को बहला फुसलकर ले गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

मानव जीवन को खतरे में डालने वाला काबू

अंबाला। बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर बदलकर मानव जीवन को खतरे में डालने वाले मिस्त्री वरूण कुमार को पुलिस ने काबू कर लिया है। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है। 13 दिसंबर 2023 छावनी के पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी राय मार्केट के पास बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर बदलकर मानव जीवन को खतरे में डाल रहा हैद्ध। इसके बाद पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू कर लिया।

कक्कड़ माजरा व शहीद बुर्ज गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हमारा संकल्प देश को बनाएंगे विकसित, ग्रामीणों ने ली शपथ

शहजादपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टालों का निरीक्षण करते हुए व लोगों को सम्मानित भाजपा नेता।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला मोर्चा की सदस्य सुमन सैनी ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को गांव कक्कड़ माजरा व बुर्ज शहीद पहुंची। यहां पर गांव के गणमान्य लोगों व अन्य ने इस यात्रा का उत्साह व जोश के साथ स्वागत किया। यहां पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के जिला प्रधान राजेश बतौरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला मोर्चा की सदस्य सुमन सैनी के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला मोर्चा की सदस्य सुमन सैनी ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई।

भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है उसके लिए हम सबको मिलकर आगे आकर उनके सपने को साकार करना है। वर्ष 2047 में जब देश को आजाद हुए 100 वर्ष हो जाएंगे तो उस समय हम विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल होंगे।

हम सबको मिलकर अपने देश को स्वर्णिम देश बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भारतीयों की साख बढ़ी है। उन्होने कहा कि हमे अपने भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मिलकर कार्य करना है।

उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्प यात्रा प्रचार वाहन यहां पहुंचा है। जिसको लेकर ग्रामीणों व अन्य में खुशी की लहर है।

यहां पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टालों के माध्यम से उनके विभाग से संबंधित जो योजनाएं केन्द्र व प्रदेश सरकार की हैं, उन बारे लोगों को जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। योजनाओं का जिनको लाभ नहीं मिला है, उनका मार्गदर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम भी किया जा रहा है।

भारी संख्या में लोग पहुंचे

सैनी ने उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। यहां पर भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं, जन-जन में खुशी की लहर है। मोदी व मनोहर सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सुगमता से लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब किसी को भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर नही काटने पड़ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से स्वयं अधिकारी यहां पर आकर लोगो को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं बारे जानकारी दे रहे हैं और जिस भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ नही मिला है तो उसे भी योजना का लाभ दिलवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होने कहा कि यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि पात्र यक्ति को यदि किसी कारणवश लाभ नहीं मिला है तो उसे योजनाओं का लाभ दिलवाना है।इस मौके पर भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा समेत कई नेता मौजूद थे।

भावना मर्डर मामले में इनेलो प्रदेश प्रवक्ता से होगी पूछताछ

- बहन की हत्या के बाद आरोपी ने फेसबुक पर लाइव आकर इनेलो नेता व जीजा को वारदात के लिए ठहराया था जिम्मेदार
- नोटिस को लेकर अभी तक ओंकार सिंह की ओर से किसी तरह की सफाई नहीं दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुलिस अब बेरहमी से बहन की हत्या करने वाले आरोपी करण उर्फ कालू के आरोपों की जांच करेगी। करण ने इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता ओंकर सिंह को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया था। इसी आधार पर अब पुलिस ने इस मामले में ओंकार सिंह को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है।

- दोनों को पुलिस ने भेजे नोटिस

हालांकि नोटिस को लेकर अभी तक ओंकार सिंह की ओर से किसी तरह की सफाई नहीं दी है। करण ने इनेलो नेता ओंकार सिंह के साथ जीजा अंकुर जैन को वारदात के लिए जिम्मेदार ठहराया था।

फेसबुक पर लाइव होकर लिया था नाम

बहन भावना की हत्या करने से पहले व बाद में आरोपी करण ने पूरी वारदात के लिए जीजा अंकुर व ओंकार सिंह को जिम्मेदार ठहराया था।

उसने कहा था कि शादी के बाद से ही उसकी बहन को जीजा प्रताड़ित कर रहा था। उसने इनेलो नेता ओंकार सिंह पर भी उसकी बहन के मोबाइल नंबर पर कॉल करने की बात कही थी।

पुलिस ओंकार सिंह के साथ पति अंकुर जैन से भी मामले में पूछताछ करेगी।

परिजन बोले आरोपी नशाखोर

उधर परिजनों ने इस मामले में इनेलो नेता ओंकार सिंह की भूमिका पर बोलने से इंकार कर दिया। परिजनों ने बताया कि करण पर पहले से आर्म्स एक्ट, सट्टेबाजी और मारपीट के मुकदमे दर्ज हैं। वह जेल भी जा चुका है। नशे की लत के कारण परिवार ने उसे बेदखल कर दिया था। इसके बाद से ही करण हिमाचल प्रदेश के बद्दी इलाके में नौकरी करता था। बहन की हत्या करने से पहले ही करण बद्दी से अंबाला छावनी आया था। सोमवार को अदालत में उसकी बहन के मामले की सुनवाई थी। यहीं उसने बहन के मोबाइल फोन पर चैट पढ़ ली थी। करण का दावा है कि उसने 7.48 बजे भावना के मोबाइल पर इनेलो नेता ओंकार सिंह की मिस्ड कॉल भी देखी। सोमवार देर शाम घर पहुंचने पर ही करण ने तलवार से भावना की बेहरमी से हत्या कर दी थी। जांच अधिकारी ने बताया कि इनेलो नेता व अंकुर जैन से पूछताछ की कार्रवाई शुरू हो गई है। दोनों को नोटिस भेजे गए हैं। पूछताछ के बाद ही आरोपों की तस्वीर साफ हो पाएगी।

नारायणगढ़। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य व अन्य।

पेंटिंग में शिखा ने जिला स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर रोशन किया स्कूल का नाम

नारायणगढ़। गीता जयंती के पावन अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरेवाला की निधि, यशिका एवं शिखा द्वारा क्रमशः भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया। इस विद्यालय की छात्रा शिखा द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता में जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया गया। ज्ञात रहे कि उपरोक्त तीनों छात्राओं द्वारा इससे पूर्व खंड स्तर पर आयोजित भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश गोयल द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इन छात्रों की प्रतिभा को निखारने में शिक्षिका अनुराधा का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि, गीता ज्ञान की आवश्यकता अब के समाज को है। हमारे अंतर्मन में निरंतर सात्विक एवं पासविक वृत्तियों का युद्ध चलता ही रहता है। सारा समाज तेरा व मेरा, लाभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या की अग्नि में जल रहा है इसलिए समाज को गीता ज्ञान रूपी शीतल धारा की आवश्यकता है।

दुकान का शटर काटकर हजारों रुपये ले गए चोर

- दोसडका में वीरवार की अलसुबह चोरों ने मारी सेंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

लूथरा कम्यूनिकेशन व लूथरा जनरल स्टोर में बदमाशो ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। लेकिन दुकानदार को दुकान में हो रही चोरी की सूचना मिली तो दुकानदार बराड़ा से अपने भाई और पिता के साथ कार में सवार होकर अलसुबह तीन बजे के करीब दोसडका स्थित अपनी दुकान पर पहुंचा। बदमाशों ने दुकान मालिक को आया देख एक बदमाश ने अपने साथी से गोली मारने को कहा। लेकिन दुकानदार के पिता ने शोर मचा दिया। शोर होने पर बदमाश हथियारों के साथ मौके से फरार हो गए। दुकानदार द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने पर पुलिस की हेल्पलाइन डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई थी।

लेकिन तब तक बदमाशो ने हजारों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बदमाशों की संख्या पांच बताई जा रही है। बदमाशो ने दुकान में घुसने से पहले दुकान में लगे लोहे के शटर और दरवाजे को गैस कटर से काटा और दुकान के अंदर दाखिल हुए। बदमाशो ने पहले दुकान में लगे हाई सिक्योरिटी सिस्टम को सम्पर्क काट दिया। लेकिन लुटेरे जैसे ही दुकान में नीचे आए तो वहां लगे दूसरे सिक्योरिटी सिस्टम ने हूटर बजा दिया। जिसे लुटेरों द्वारा तुरंत बंद कर दिया गया। लेकिन सिक्योरिटी सिस्टम ने दुकान मालिक को फोन कॉल की, जिस के बाद वह मौके पर पहुंच गए थे।

चोरी की वारदात के दौरान दुकान पर पहुंचे मालिक को देख एक बदमाश बोला गोली मार इसके

विजय लूथरा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि गांव सिरसगढ़ दोसडका में बराड़ा रोड पर उस की मोबाइल व उस के भाई अमित कुमार की जनरल स्टोर की दुकान है। 14 दिसंबर को अढाई बजे मोबाइल पर सिक्योरिटी अलार्म की कॉल आई । उसी समय वह उस का भाई अमित, पिता सुरजीत लाल आदि बराड़ा से दुकान के लिए कार से रवाना हुए। उन्होंने 112 नंबर हेल्पलाइन पर कॉल करके पुलिस को सूचना दे दी थी, मौके पर वह जैसे ही दुकान पर पहुंचे, और वह कार से उतरा तो पड़ोसी डेंटल डॉक्टर की दुकान के ऊपर लगी ग्रिल के पास खड़े 2 डकैतों ने उसे धमकियां देनी शुरू कर दी कि गोली मार इसने, इतने में उस के पिता सुरजीत लाल व भाई अमित कुमार आदि कार से निकले जिन्हें देखकर दोनों डकैत साइड में बनी ट्रेक्टर रिपेयर की दुकान की तरफ भागे, तभी बड़े भाई व पिता ने जोर जोर से शोर करना शुरू कर दिया।

9 महीने पहले भी हुई थी वारदात

शिकायतकर्ता विजय ने बताया कि करीब 9 महीने पहले भी उनकी दुकान पर इसी तरह की वारदात हुई थी। जिसमें चोरों मे दुकान से नए नोटों के कई हार सहित अन्य सामान चोरी किया था। मुलाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। आरोप है कि मुलाना पुलिस ने उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की।

केस दर्ज

शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई थी। मुलाना पुलिस व सीआईए की टीम ने घटनास्थल का मौका किया।

-मुलाना थाना प्रभारी सतीश कुमार

भजन प्रतियोगिता में पुलिस डीएवी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

वीरवार को डीएवी विद्यालय में भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेएस नैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इनके साथ-साथ स्थानीय कमेटी के सदस्य एडवोकेट गुलियानी और पीके अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में रिटायर्ड प्रोफेसर डॉक्टर देवेंद्र आनंद तथा प्रोफेसर देवेंद्र कुमाररहे। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरपी राठी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्यातिथि एवं विशिष्ठ अतिथियों को पौधा पात्र भेंट करके व ओउम्का पटका पहनाकर किया गया। तत्पश्चात मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। डीएवी गान तथा स्वागत गीत द्वारा प्रतियोगिता का

नारायणगढ़। प्रतियोगिता के दौरान मौके पर मौजूद प्रतिभागी छात्राएं व मुख्यअतिथि।

आरंभ किया गया । निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों से अवगत करवाया। सभी प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं । प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप प्रथम पुलिस डीएवी स्कूल अंबाला शहर, द्वितीय डीएवी स्कूल ,नारायणगढ़ व सोहनलाल डीएवी स्कूल अंबाला शहर संयुक्त रूप से,तृतीय स्थान पर मुरलीधर डीएवी स्कूल अंबाला शहर और केपीएके स्कूल ,अंबाला शहर संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे। सभी विजित प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य डॉ.राठी ने प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए उनका धन्यवाद किया।

अंबाला। मेयर शक्ति रानी शर्मा का अभिनंदन करती महिलाएं व अन्य।

शिव मंदिर में भागवत कथा के दौरान मेयर शक्ति रानी का हुआ अभिनंदन, सुनरी पहनाई गई

अंबाला। अंबाला शहर के वार्ड नंबर 1 के हीरानगर में वीरवार को शिव मंदिर में भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के समापन समारोह पर मेयर शक्ति रानी शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची। यहां पहुंचने पर मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मेयर को माता की चुनरी पहनाई गई। मेयर ने ब्यास गद्दी पर माथा टेका ।इस कार्यक्रम में नगर निगम के सदस्य जसबीर और राजेंद्र कौर मुख्य तौर पर उपस्थिति रहे। मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा मेयर शक्तिरानी के साथ आए सभी लोगो को सम्मानित किया गया। भागवत कथा में अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शर्मा ने कहा कि वह हमेशा इस मंदिर कमेटी के साथ खड़ी हैं। जब भी जरूरत होगी वे हमेशा साथ खड़ी होंगी। इसके बाद मेयर ने यहां भंडारे का भी शुभारंभ किया।

ग्राम योजना के तहत दो करोड़ की लागत से कई गांवों का होगा विकास

- लगभग 50 लाख रुपए की लागत से कलरहेड़ी रोड, 48 लाख की लागत से बरनाला में आरसीसी नाले का निर्माण होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

विधायक आदर्श नगर ग्राम योजना के तहत अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में दो करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य होंगे। गृहमंत्री अनिल विज ने बताया कि सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए दो करोड़ रुपए की राशि को जारी कर दिया गया है। योजना के तहत कलरहेड़ी रोड, बरनाला गांव में आरसीसी नाला, गरनाला में तालाब की चार दिवारी व अन्य कार्य के अलावा खतौली, धनकौर, पंजोखरा साहिब, टुंडली, बाडा आदि गांवों में विकास कार्य होंगे। गौरतलब है कि विज के प्रयासों पहले ही छावनी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं जिनका जनता को लाभ मिल रहा है।लगभग 50 लाख रुपए की लागत से नारायणगढ़ रोड से कलरहेड़ी रोड का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस रोड के बनने से पंजोखरा साहिब आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को आसानी होगी। इसी तरह गांव गरनाला में 41 लाख रुपए की लागत से तालाब की रिटेनिंग वॉल व अन्य सुधार कार्य होंगे। 48 लाख रुपए की लागत से गांव बरनाला में आरसीसी नाले का निर्माण होगा। इसी तरह गरनाला में कम्युनिटी सेंटर के निकट नाले का निर्माण, खतौली में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व गौशाला का शैड, इंटरलाकिंग टाइलों की गलियां, फिरनी के साथ-साथ नाले का निर्माण होगा। गांव धनकौर में फिरनी के साथ नाले का निर्माण व कम्युनिटी हॉल का निर्माण होगा। टुंडली गांव में रामदासिया चौपाल के निकट शेड व अन्य निर्माण, बाडा गांव में नाले का निर्माण शामिल है। सभी योजनाओं के टेंडर लगाकर जल्द ही इनका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

आरोपियों के भगत सिंह सेवा समिति से जुड़ने की बात खारिज : राजेश

- संसद भवन में घुसने वाले आरोपियों का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

संसद भवन की सुरक्षा में सेंधमारी करने वाले आरोपियों के यहां की शहीद ए आजम भगत सिंह सेवा समिति से जुड़ने की बात सामने आ रही है। जांच एजेंसियों को आरोपी विक्की शर्मा की गिरफ्तारी के बाद उसके गुरुग्राम स्थित घर से व दूसरे आरोपियों के कब्जे से शहीद भगत सिंह से जुड़ी किताबें भी मिली हैं। उधर शहीदे आजम भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश भगत सिंह ने इन सब दावों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि न तो वे इन आरोपियों को जानते हैं। न ही वे उनकी संस्था से जुड़े हुए हैं। उनकी संस्था का नाम इसमें गलत लिया जा रहा है। उनकी संस्था से केवल 20 से 22 लोग जुड़े हुए हैं। यहां के गांव रूपो माजरा के रहने वाले राजेश भगत सिंह ने बताया कि उनकी पंजाब में पटियाला के घनौर में कपड़ों की दुकान है। उन्होंने 17 साल पहले शहीद भगत सिंह प्रचार समिति का गठन किया था। साल 2007 में समिति का नाम बदलकर शहीद भगत सिंह ग्राम सेवा समिति नाम रखा गया। इसके बाद साल 2019 में शहीद ए आजम भगत सिंह सेवा समिति के नाम से इसका रजिस्ट्रेशन करवाया गया। राजेश भगत सिंह ने बताया कि अंबाला शहर में ऐतिहासिक वामन द्वादशी मेले के दौरान उसका दोस्त चिंटू रोल प्ले करता था।

विधायक ने विकसित भारत संकलप यात्रा के दोरान ग्रामीणों को किया संबोधित

आयुष्मान कार्ड से हो रहा जरुरतमंदों का नि:शुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड/ चिरायु कार्ड के माध्यम से गरीब व जरूरतमंद लोगों का पांच लाख रुपये का इलाज निशुल्क हो रहा है। अब कोई भी व्यक्ति पैसे के अभाव के कारण इलाज से वंचित नही रहा है।

अब सरकार द्वारा नई पहल करते हुए तीन लाख रुपये तक की आमदनी वाले परिवार भी मामूली राशि देकर आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनवा कर इसका लाभ ले सकते हैं। विधायक वीरवार को विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के दृष्टिगत गांव जैतपुर व जंधेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। विधायक असीम गोयल ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को संसार का सबसे ताकतवर देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए आमजन की भागेदारी बेहद आवश्यक है। आजादी के जब 100 वर्ष पूरे होंगे तो हम भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो यह सपना संजोया है, उस सपने को हमने पूरा करना है।

अंबाला। महिलाओं को सम्मानित करते विधायक असीम गोयल।

लोगों को किया जा रहा जगरुक

विधायक ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि विकसित संकल्प जन संवाद यात्रा के माध्यम से पिछले साढे नौ वर्षों में देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, उसे यात्रा के माध्यम से दर्शाने का काम किया गया है। जन संवाद यात्रा के तहत यहां पर विभागों द्वारा स्टालों के माध्यम से लोगों को विभाग द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उस बारे लोगों को जानकारी दी जा रही है। जिसमें आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, कृषि विभाग से सम्बन्धित योजनाएं व अन्य योजनाएं शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ दिलवाने का काम किया जा रहा है वहीं लोगों की पैंशन से सम्बन्धित समस्या, परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित समस्या या अन्य कोई भी समस्या है उस बारे जानकर अधिकारियों द्वारा उन समस्याओं का निवारण भी किया जा रहा है। उन्होने यह भी कहा कि जिला स्तर पर जो समस्याएं है उनका समाधान यहीं से किया जायेगा और जिन समस्याओं का निवारण मुख्यालय से करवाया जाना है उन समस्याओं का भी बेहतर तरीके से समाधान करवाया जा रहा है। उन्होने कहा कि पहली ऐसी सरकार है जो लोगों की समस्याओं को ढुंढकर, उनके घर द्वार पर आकर उनका निवारण करने का काम कर रही है।